## खबर संक्षेप

### शिकायतों के निपटान के लिए आयुक्त ने ली बैठक

**यमुनानगर।** हरियाणा के आयुक्त एवं सचिव विजय सिंह दहिया ने समाधान शिविर में शिकायतों के निपटान के लिए वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। आयुक्त ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान के उद्देश्य से समाधान शिविरों की शुरुआत की गई है। उन्होंने समाधान शिविरों को लेकर कहा कि अधिकारियों द्वारा शिविरों में प्राप्त हर शिकायत को गंभीरता से लिया जाए तथा उसका सचिव समाधान करवाना सुनिश्चित किया जाए। मौके पर उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विभागों में समस्याएं अधिक आ रही हैं, और कितनी शिकायतें लंबित हैं व अन्य संबंधी विषयों से जुड़ी विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ, एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार, व्यासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, छछरौली के एसडीएम रोहित कुमार, नगराधीश पीयूष गुप्ता, डीआईओ विनय गुलाटी, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नशे के विरूद्ध ग्रामीणों को जागरूक किया

**पानीपत।** पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में आज जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने रिशपुर गांव में डोर टू डोर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे बताकर नशे के खिलाफ जागरूक किया। अभियान के जिला में नोडल अधिकारी डीएसपी नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा व्यक्ति की सोचने समझने की शक्ति को कमजोर करता है। जिससे अपराध, घरेलू हिंसा और सडक़ दुर्घटनाओं जैसी घटनाओं में भी वृद्धि होती है। डीएसपी नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशे से संबंधित कोई भी सूचना टोल फ्री नंबर 1933 पर या नजदीकी पुलिस थाना में दें ताकी नशा तस्करों को काबू कर जेल की सलाखों के पीछे भेजा जा सके और नशे जैसी बुराई को समाप्त किया जा सके।

### अधिकारों के प्रति जागरूक हो नारी शक्तिः शर्मा

**पानीपत।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष नेहा शर्मा के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विस्तार से मंथन किया गया तथा विभिन्न सुझावों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपस्थित महिलाओं ने कार्यक्रम को प्रभावी और प्रेरणादायक बनाने के लिए अपने.अपने सुझाव दिए। जिला अध्यक्ष ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण का प्रतीक है । इस अवसर पर पिंकी वर्मा, शीना शर्मा, शिवानी पांचाल, अमृत कौर, बिमला देवी, कमला देवी, सुमन नरवाल, किरण जिंदल सहित अन्य महिलाओं ने बैठक में भाग लिया।

### अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक 13 से

**पानीपत।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 13, 14 और 15 मार्च को आयोजित होने वाली अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के बारे में एसडी कॉलेज में प्रेस से वार्ता कीर जानकारी दी। वहीं, संघ की दृष्टि से यह सर्वोच्च निर्णायक इकाई की बैठक होती हैं। प्रतिवर्ष होने वाली इस बैठक का आयोजन इस वर्ष ग्रामविकास एवं सेवा साधना केन्द्र, गांव पट्टीकल्याणा, समालखा, जिला पानीपत में होगा। यह वर्ष संघ शताब्दी का होने के नाते शताब्दी निमित्त आयोजित विजयादशमी उत्सव, गृहसंपर्क, हिन्दू सम्मेलन, युवा सम्मेलन, प्रमुख नागरिक गोष्ठी, सामाजिक सद्भाव बैठकें आदि कार्यक्रमों तथा अभियानों के वृत्तांत के साथ-साथ अनुभवों की बैठक में विशेष चर्चा रहेगी। दूसरी ओर, संघ के पदाधिकारी राजेश गोयल, एसडी पीजी कॉलेज के प्राचार्य अनुपम अरोड़ा, डीपीआरओ सुनील कुमार, एपीआरओ दीपक पाराशर आदि मौजूद रहे।

## अतिरिक्त निगम आयुक्त ने शहर की सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

# वार्ड 15 में रेलवे रोड, शादीपुर में खजूरी रोड और वार्ड 18 व 19 का लिया जायजा

वार्ड 15 में रेलवे रोड पर दुकानदारों व रेहड़ी संचालकों को अतिक्रमण हटाने व सड़क किनारे सफाई संबंधी दिशा निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर


**यमुनानगर।** सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल के साथ शहर के विभिन्न वार्डों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई निरीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से सफाई सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण की शुरुआत वार्ड नंबर 15 के रेलवे रोड से की गई। यहां अतिरिक्त निगम आयुक्त ने सड़क किनारे दुकानदारों और रेहड़ी संचालकों द्वारा किए गए अतिक्रमण का संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित सफाई अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए ताकि सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। साथ ही उन्होंने प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक और पॉलिथीन का अत्यधिक उपयोग पर्यावरण के लिए हानिकारक है। इसलिए इसके प्रयोग पर पूर्ण रूप से रोक लगाना आवश्यक है।

उन्होंने संबंधित सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए कि अपने-अपने वार्डों में मौजूद सभी कचरा प्वाइंट को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए और कचरे के उचित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कचरा प्वाइंट खत्म होने से शहर में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होगी और लोगों को स्वच्छ वातावरण मिल सकेगा। उन्होंने मौके पर सभी अधिकारियों को शहर में सफाई व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा किसी की विकास कार्य में अविलंब देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा आमजन को सफाई व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

### सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण

इसके बाद अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार वार्ड नंबर 12 के शादीपुर में खजूरी रोड पर पहुंचे। जहां उन्होंने सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क किनारे, नालियों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्थानों पर नियमित रूप से सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सफाई निरीक्षक को स्पष्ट रूप से कहा कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी को पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त निगम आयुक्त वार्ड नंबर 18 और 19 में भी पहुंचे। यहां उन्होंने कई स्थानों का निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था की स्थिति का आकलन किया।

## बाढ़ प्रबंधन पर एडीसी ने की अधिकारियों से बैठक


**यमुनानगर।** बाढ़ प्रबंधन को लेकर अधिकारियों से बैठक करते अतिरिक्त उपायुक्त।

- कहा, बाढ़ से निपटने के लिए सभी पुख्ता हों इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

जिला सचिवालय के सभागार में बाढ़ प्रबंधन को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसाती पानी के कारण किसी भी व्यक्ति को मूलभूत सुविधा की कमी न आए। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए यदि किसी भी विभाग को कोई भी जरूरत है तो उसकी तुरंत उन्हें जानकारी दें।

उन्होंने अधिकारियों को कहा कि संबंधित अधिकारी जिले में बाढ़ प्रबधकों के कार्यों की समीक्षा लें। उन्होंने सिंचाई विभागए नगर निगम, खाद्य आपूर्ति विभाग और संबंधित एसडीएम से उनके क्षेत्र में बाढ़ बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी ली और आगामी प्रबंधों की समीक्षा की। अतिरिक्त उपायुक्त ने समीक्षा बैठक में बताया कि जिले में बरसाती पानी का अधिकतर भराव खेतों में है। उन्होंने सिंचाई विभाग, नगर निगम व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां पर बरसाती पानी खड़ा हो उन्हें पम्प सैट के द्वारा जल्द से जल्द निकाला जाए । उन्होंने मार्किट बोर्ड के कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग व नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सभी टूटी सडकों की मरम्मत करवाए जिससे लोगों को आने जाने में सुविधा मिल सके। इस मौके पर एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ, एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल, एसडीएम छछरौली रोहित कुमार, एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार, नगराधीश पीयूष गुप्ता, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता पुनीत मित्तल, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## आर्य समाज के संस्कारों को अपनाकर देश कर सकता है उन्नति : नाथी राम

- आर्य समाज का दो दिवसीय वार्षिक समारोह हुआ सम्मपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर


**रादौर।** गांव अलाहर में आयोजित कार्यक्रम में प्रवचन करते मुख्यवक्ता।

आर्य समाज द्वारा दो दिवसीय वार्षिक समारोह धूमधाम से सम्पन्न हुआ। समारोह के अवसर पर गांव व क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोगों ने वैदिक हवन यज्ञ में भाग लेकर सभी गांव वासियों के अच्छे स्वास्थ्य व सुख समृद्धि की मंगल कामना की। वैदिक हवन यज्ञ में समाजसेवी मुकेश शास्त्री यजमान के रूप में मौजूद रहे। वेदों के प्रकांड गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संगीताचार्य जयपाल आर्य ने पूरी वैदिक रीति से हवन यज्ञ सम्पन्न करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान शेर सिंह आर्य व आर्य समाज अलाहर के संरक्षक राजकुमार आर्य ने की। कार्यक्रम में नाथी राम काम्बोज व समाजसेवी मान सिंह आर्य मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथियों को अंगवस्त्र पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि नाथी राम ने कहा कि आर्य समाज के संस्कारों को अपनाकर देश उन्नति कर सकता है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नशे की और बढ़ रही है, जोकि समाज के लिए हानिकारक है। संस्कारों से जुड़कर ही आज के युवा भारतीय संस्कृति को उसकी पुरानी पहचान दिलवा सकते है। उन्होंने समाज मे मृत्युभोज जैसी बुराई को दूर करने का आह्वान किया। आर्य समाज के लोगों को इस बुराई को दूर करने के लिए जनजागरण अभियान चलाना चाहिए। वहीं समाजसेवी मानसिंह आर्य ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि वे देश के शहीदों को नमन करते है।

### युवक ने बहला फुसला कर महिला से किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव में युवक ने बहला फुसलाकर महिला के साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि आरोपी ने महिला की अश्लील वीडियो भी बनाई। इसके बाद आरोपी ने ब्लैकमेल कर महिला के साथ करीब तीन साल तक संबंध बनाए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक समेत परिवार के तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

महिला ने शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही आकाशदीप के साथ जान पहचान थी। 25 जून 2023 को वह घर पर अकेली थी। इस दौरान आरोपी उनके घर पर आ गया। आरोपी ने उसे अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली। जिसके बाद आरोपी उसे ब्लैकमेल करने लगा। आरोपी ने उसे ब्लैकमेल कर करीब तीन साल तक संबंध बनाता रहा।

## निगम टीम ने रादौर व रेलवे रोड पर की छापेमारी, सात दुकानदारों के काटे चालान

- खुले में कचरा डालने व खुले आम मीट काटने पर दो-दो दुकानदारों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर


**यमुनानगर।** दुकानदार का चालान करती निगम की टीम।

नगर निगम यमुनानगर की टीम ने शहर के रादौर रोड व रेलवे रोड पर छापामारी की। इस दौरान टीम ने खुले आम मीट काटने, खुले में गंदगी डालने व सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने पर सात दुकानदारों के चालान किए। नगर निगम आयुक्त प्रीति व अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार के निर्देशों पर सफाई निरीक्षक गोविंद शर्मा, सुशील शर्मा, प्रदीप दहिया की टीम ने यह कार्रवाई की। नगर निगम के सफाई निरीक्षक गोविंद शर्मा, सुशील शर्मा व प्रदीप दहिया की टीम ने पहले रेलवे रोड पर छापेमारी की। सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर निगम की टीम ने यहां फल विक्रेता व फ्रूट विक्रेता का चालान किया। साथ ही सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा किए अतिक्रमण को साफ कराया। इसके बाद सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा की टीम रादौर रोड पहुंची। यहां निगम की टीम ने जोडियो गुरुद्वारा के पास खुले में मीट काट रहे दो दुकानदारों के चालान किए। कार्रवाई के दौरान यह पाया गया कि ये विक्रेता सड़क किनारे अस्थायी ठेले व खोखे खोलकर उनमें मीट काट रहे थे। जबकि सड़क किनारे व धार्मिक स्थल के पास ऐसा नहीं किया जा सकता। इससे आम जन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा इसी मार्ग पर खुले में गंदगी डालने पर दो दुकानदारों व प्रतिबंधित पॉलिथीन का इस्तेमाल करने पर एक दुकानदार का सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा की टीम ने चालान किया।

### जेएमआईटी के 12 छात्रों का इन्फोटेक कंपनी में हुआ चयन

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के 12 छात्र मोहाली की आईटी कंपनी डीफैक्टो इन्फोटेक में चयनित हुए। इसके लिए 17 फरवरी को प्लेसमेंट ड्राइव में विभिन्न विभागों के छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाई थी। इस प्रक्रिया में बीटेक, बीसीए, बीबी, व एमबी, स्ट्रीम के छात्रों ने भाग लिया। कंपनी की ओर से मार्किटिंग एवं स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप मैनेजर, दीक्षा सूरी ने चयन प्रक्रिया का नेतृत्व किया। उन्होंने छात्रों के तकनीकी कौशल, संचार क्षमता व समस्या समाधान के दृष्टिकोण की सराहना की। संस्थान के निदेशक डॉ. संजीव कुमार गर्ग ने चयनित छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि डीफैक्टो इन्फोटेक प्रतिष्ठित कंपनी में चयन होना उनके शैक्षणिक मानकों की पुष्टि करता है। प्लेसमेंट ऑफिसर दित्या मोंगा ने कहा कि संस्थान का लक्ष्य अपने हर छात्र को उद्योग की जरूरतों के अनुसार तैयार करना है। उन्होंने दीक्षा सूरी की टीम का आभार व्यक्त किया।


**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थी जानकारी देते हुए।

### पुस्तकालय में दिव्यांगजन के लिए दिव्यांग कॉर्नर होगा स्थापित



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में जिला पुस्तकालय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पुस्तकालय को समृद्ध करने एवं आधुनिकीकरण पर बल दिया गया। समिति के सदस्यों ने पुस्तकालय को ई लाइब्रेरी की दिशा में बढ़ाने की बात पर जोर दिया। पुस्तकालय में दिव्यांगजन के लिए दिव्यांग कॉर्नर स्थापित करने पर विमर्श किया गया। अश्विनी मैंगी ने बताया कि लाइब्रेरी में हजारों पुस्तके हैं। इसके साथ ही समिति के 1700 सदस्य हैं। लाइब्रेरी की सदस्यता के लिए 500 रुपये की सिक्योरिटी डिपोजिट लिया जाता है एवं मात्र 10 रुपये का लाइब्रेरी कार्ड बनाया जाता है। शहर के युवा पुस्तकालय में अध्ययन कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। इसके अलावा समिति ने जन साधारण को भी पुस्तकालय की ओर आकर्षित करने के लिए सुझाव दिए।

### हरियाणा सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर समय तत्पर : कंवरपाल



**यमुनानगर।** खंड व्यासपुर के गांव अजीजपुर कलां के युवक कुशाल ने राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। जानकारी देते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने बताया कि कुशाल ने तमिलनाडु में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में 68 किलोग्राम वर्ग में यह स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने ने कहा कि कुशाल की इस उपलब्धि पर पूरे जिले को गर्व है। उन्होंने पहलवान कुशाल की उपलब्धि पर अपने कार्यालय जगाधरी बुलाकर सम्मानित। पूर्व मंत्री ने कहा कि वर्तमान हरियाणा भाजपा सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर समय तत्पर है। इस दौरान जिला महामंत्री प्रवीण खदरी, अखाड़ा संचालक सुशील शर्मा ,कोच निखिल शर्मा, जितेंद्र शर्मा ,मंडल उपाध्यक्ष शिवकुमार कौशिक , सुभाष चंद्र,भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, चेयरमैन विपुल गर्ग आदि मौजूद रहे।

### मुकंद लाल संस्था ने टीबी मरीजों को वितरित किया राशन


**रादौर।** टीबी के मरीजों को राशन वितरित करते संस्था के अधिकारी।

**रादौर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रादौर में शुक्रवार को निक्ष्य मित्र योजना के तहत टीबी मरीजों को राशन वितरित किया। यह राशन मुकन्द लाल संस्था द्वारा वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुकंद लाल संस्था की ओर से डॉ. अजय शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे। डॉ. अजय शर्मा ने सभी मरीजों से अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने व दवाई समय पर लेने के प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. अजय ने बताया कि आगामी माह से सभी टीबी मरीजों को 6 अप्रैल को भी राशन वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमओ डॉ. विजय कुमार द्वारा की गई। एसएमओ डॉ. विजय परमार ने टीबी मरीजों से उनकी दवाई और स्वास्थ्य के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि टयूबरकलोसिस को आम बोल चाल की भाषा में टीबी कहते हैं। संस्था दवारा आश्वासन दिया गया है कि आगामी माह से रादौर ब्लॉक के सभी टीबी मरीजों को गोद लेकर सभी को पौष्टिक आहार दिया जायेगा।

## पॉक्सो एक्ट के केसों पर हो गंभीरता से कार्य: डीसी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

उपायुक्त प्रीति ने कार्यालय में शुक्रवार को अधिकारियों को साथ बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के तहत जो भी मामले आते है उनके केसों को गंभीरता से लें । समय पर पुलिस चालान प्रस्तुत करे ताकि पीड़िता को नियमानुसार समय पर न्याय मिले। उपायुक्त ने कमेटी में चिन्हित अपराध, पोक्सो एक्ट, हत्या, बलात्कार, महिलाओं से छेड़छाड़ के गंभीर मामलों पर विचार किया। उन्होंने बताया कि पॉक्सो एक्ट के केसों पर भी गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। बैठक में एसपी कमलदीप गोयल, एएसपी अमरिंदर सिंह, डिप्टी सुपरीडेंट जेल विवेक सांगवान, जिला न्यायवादी धर्मचंद, सिविल सर्जन डॉ. जितेन्द्र सिंह, डॉ. मनोज कुमार मौजूद रहे।

## हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ ने जताई नाराजगी

# स्कूलों में समय से पहले खत्म हो रहा मिड डे मील

नई मीड डे मिल की खरीद के संबंध में विभाग की ओर से नहीं जारी हुआ है कोई दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर


**यमुनानगर।** मिड डे मील की सामग्री खत्म होने पर नाराजगी जताते अध्यापक।

हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक राज्य महासचिव विनोद मोहड़ी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मिड डे मील योजना की वर्तमान स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। संघ का कहना है कि मिड डे मील व्यवस्था को हरियाणा एग्रो के माध्यम से संचालित किए जाने के बाद कई स्थानों पर यह व्यवस्था व्यवहारिक रूप से बाधित होती दिखाई दे रही है। जिससे विद्यालयों में भोजन व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति में विद्यालयों के मिड डे मील इंचार्ज और स्कूल मुखिया अपने स्तर पर व्यवस्था बनाकर मिड डे मील तैयार करवा रहे हैं। जिसके लिए उन्हें समाप्त हो चुकी सामग्री स्वयं बाजार से खरीदनी पड़ रही है। जबकि विभाग की ओर से अब तक ऐसा कोई स्पष्ट निर्देश जारी नहीं किया गया है जिसमें यह बताया गया हो कि सामग्री समाप्त होने की स्थिति में विद्यालय किस प्रकार से इसकी खरीद कर सकते हैं। संघ के जिला प्रधान सतपाल ने बताया कि विभाग द्वारा जारी एक पत्र में गैस, सब्जी, दूध दही और बर्तन बार आदि पर होने वाले खर्च का विवरण तो दिया गया है। लेकिन उसमें भी विद्यार्थियों के लिए सब्जी खर्च में अत्यधिक अंतर रखा गया है। विशेष रूप से प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए निर्धारित सब्जी खर्च बहुत कम है। जिससे बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना कठिन हो रहा है।

### जनवरी में दो माह का राशन करवाया था उपलब्ध

राज्य महासचिव विनोद मोहड़ी ने बताया कि जनवरी माह में विद्यालयों को जनवरी एवं फरवरी के लिए एक साथ राशन सामग्री उपलब्ध करवाई गई थी। इसमें दालें, काला चना, गुड़, सोया चूरा, सोया आटा, सरसों का तेल, जीरा, नमक, सौंफ, धनिया, गरम मसाला आदि सामग्री शामिल थी। किंतु अधिकांश विद्यालयों में यह सामग्री फरवरी माह के अंत तक समाप्त हो चुकी है। जिससे कई स्कूलों में मिड डे मील व्यवस्था प्रभावित होने लगी है।

## खबर संक्षेप

### इलेक्ट्रिक बसों का शेड्यूल व समय सारणी की जारी

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि रोडवेज विभाग ने 6 नए रूटों पर इलेक्ट्रिक बसों को चलाने की समय सारणी और शेड्यूल जारी किया है। इन इलेक्ट्रिक बसों को अब इंद्री-कुरुक्षेत्र रुट पर भी चलाया जाएगा। इसके साथ ही थर्ड गेट के लिए भी अप-डाउन का चक्कर निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र से दोपहर 1:25 बजे और सायं 4:05 बजे इंद्री के लिए इलेक्ट्रिक बसें रवाना होगी। इसी तरह इंद्री से दोपहर 2:25 बजे और सायं 5:25 बजे कुरुक्षेत्र के लिए इलेक्ट्रिक बसें रवाना होगी।

### सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं बंद

**घरौंडा।** पुलिस और चिकित्सक के बीच उपजा विवाद लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। थाना प्रभारी दीपक कुमार के सस्पेंड होने के बाद भी डॉक्टर अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। शुक्रवार को तीसरे दिन भी घरौंडा के सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से बंद रहीं, जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इधर, थाना प्रभारी दीपक कुमार के निलंबन के बाद शहर की सामाजिक संस्थाओं और बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों ने हर्बल पार्क में एकत्रित होकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई।

### कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल ने किया बॉक्सिंग खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

# खेल से खिलाड़ियों में अनुशासन और नेतृत्व की भावना विकसित होती : वीरेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग-2026 प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल ने प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनके प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रो. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि अनुशासन, धैर्य और नेतृत्व की भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच प्रदान करती हैं। इस अवसर पर अर्जुन अवार्डी डॉ. दलेल सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि बॉक्सिंग जैसे खेल में मेहनत, आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने खिलाड़ियों को संदेश दिया कि वे हार-जीत की चिंता किए बिना पूरे जोश और खेल भावना के साथ मुकाबला करें। खेल निदेशक डॉ. दिनेश राणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर पर खेल निदेशक प्रो. डी.एस. राणा, कोच राजेश, खेल परिषद के अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार, पूर्व खेल परिषद के अध्यक्ष, बॉक्सिंग कोच राजेश कुमार राजौंद, खेल परिषद के सदस्य डॉ. मोहिंदर आलमपुर, वालीबॉल कोच राजेश, कोच संदीप करोड़ा सहित अनेक खिलाड़ी मौजूद रहे।



**कुरुक्षेत्र।** बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ करते कुलसचिव प्रो. विरेंद्र पाल।

### ये रहा खेल का परिणाम

बाक्सिंग प्रतियोगिता के विभिन्न भार वर्गों में खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 47-50 किलोग्राम वर्ग में हैदराबाद विश्वविद्यालय के अभि धनकर, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के आदित्य पांडे, नॉर्थकैप विश्वविद्यालय गुरुग्राम के जतिन, डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के सागर, डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के श्रीकांत चौधरी, महाराजा सूरजमल विश्वविद्यालय के शिवम देव, लखनऊ विश्वविद्यालय के दिनेश कुमार तथा राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय के तेजस गोंडसे ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। 55-60 किलोग्राम वर्ग में वीर नरमद दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय के युवराज सिंह राठौड़, गोंडवाना विश्वविद्यालय के शोएब गडेकर, मणिपुर विश्वविद्यालय के चिराग तथा अन्य खिलाड़ियों ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर अगले चरण में स्थान बनाया। 75-80 किलोग्राम वर्ग में पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के अक्षय, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पुष्पेंद्र सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय के हैरी सेजवाल, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के सौरव बिष्ट तथा राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी के सौरव यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। 80-85 किलोग्राम वर्ग में लविश्रा साई (लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी), पर्व (श्री शिवाजी विश्वविद्यालय), दमनप्रीत सिंह (लखनऊ विश्वविद्यालय), नकुल (पूर्वांचल विश्वविद्यालय), जैसवाल प्रिंस, विश्वजीत संधू तथा अन्य खिलाड़ियों ने अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। 85-90 किलोग्राम वर्ग में केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के अमन, गोरखपुर विश्वविद्यालय के बॉबिन चौहान, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के दुश्यंत सिंह, महाराजा सूरजमल विश्वविद्यालय के अमर, हैदराबाद विश्वविद्यालय के आर्मन, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के दुर्गेश यादव, दिल्ली विश्वविद्यालय के आर. परवीन कुमार, गोंडवाना विश्वविद्यालय के धनंजय गुप्ता, बेंगलुरु नॉर्थ टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के मोहम्मद रियास खान तथा इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के सागर ने अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की।



**कुरुक्षेत्र।** जिंदल निवास पर अंसल सुशांत सिटी आरडबलूए के पदाधिकारी गण।

### अंसल सुशांत सिटी में मूलभूत सुविधाएं दिए जाने की मांग

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर उमरी चौंक के साथ लगती अंसल सुशांत सिटी के निवासियों ने कुरुक्षेत्र लोकसभा के सांसद नवीन जिंदल से आरडबलूए की मुलाकात की है। इस टाउनशिप में रह रहे लगभग 400 परिवारों को सरकारी सुविधाएं देने की गुहार लगाई है। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान ईश्वर सिंह, उपप्रधान जगमंदर भंडारी, सचिव गुलाब सिंह सैनी तथा सत्यनारायण वर्मा, डॉ बलविंदर आदि ने बताया कि सांसद जिंदल को लिखित में दिए ज्ञापन में कहा है कि टाउनशिप में पीने के पानी के लिए यहाँ पहले से ही ट्यूबवेल है जिसको रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा संचालित किया जा रहा है किंतु आर्थिक अभाव से पानी की सप्लाई चलाने और नियमित करने में बड़ी मुश्किलें आ रही हैं। अंसल सुशांत सिटी निवासियों की मुख्य मांग है कि पीने के पानी की सुविधाओं को सरकार अपने अधीन ले लेवे। साथ ही मुख्य मांग टाउनशिप का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट पिछले छह महीने से काम नहीं कर रहा है। गंदा पानी आने जाने वाली सड़कों पर बह रहा है, रहने वालों को सीवेज डिस्पोजल के लिए परेशानी हो रही है और टाउनशिप की हालत खराब हो रही है। सीवरेज को टाउनशिप के पास वाले नाले से जोड़ा जाना चाहिए।

### 8 को होगा तिरंगा नवीन दिवस का आयोजन



**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने का आम नागरिक को अधिकार दिलाने में कुरुक्षेत्र के सांसद एवं देश के विख्यात उद्योगपति नवीन जिंदल का अहम योगदान है। सांसद नवीन जिंदल के लिए कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित एक निजी होटल में सांस्कृतिक,सामाजिक एवं मनोरंजक संगठन गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा रविवार, 8 मार्च को भव्य तिरंगा नवीन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी राजेश सिंगला ने बताया कि समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में होने वाले इस कार्यक्रम में देश के तिरंगे को समर्पित गीतों की सुंदर शाम होगी। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिंदल को शुभकामनाएं देने के साथ आभार भी व्यक्त किया जाएगा।

# डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाले कर्मियों ने वेतन में वृद्धि की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

- फायर आफिस के समीप सभा का किया आयोजन

नगर परिषद सुगम स्वास्थ्य प्राइवेट लिमिटेड के अधिन कार्यरत कर्मियों ने सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले जिला प्रधान राहुल की अध्यक्षता में फायर आफिस के समीप द्वार सभा का आयोजन किया गया। द्वार सभा में उपमहासचिव संदीप सांगवान, थानेसर ब्लाक प्रधान विशाल सैन भी मौजूद रहे। प्रधान राहुल ने कहा कि डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाले कर्मियों का शोषण हो रहा है। इस सुगम स्वास्थ्य के तहत शहर में 136 कर्मी लगें हुएं है जिन्हें प्रतिमाह 11900 रुपए मिलते हैं। छुट्टी लेने पर इसमें से भी वेतन काट लिया जाता है। हमें हर रोज घर घर जाकर कूड़ा उठाना पड़ता है। बेरोजगारी इतनी बढ़ी हुई है कि ना चाहकर भी मजबूरन यह काम करना पड़ रहा है। वैसे तो सरकार सबका साथ, सबका विकास, स्वच्छ भारत का नारा देती है। स्वच्छ भारत में इन डोर टू डोर कर्मियों का अहम रोल है लेकिन इन कर्मियों पर न्यूनतम वेतन भी लागू नहीं है। बजट में भी इनके लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। जनवरी 2016 में श्रम आयोग ने सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत कर कहा था कि महंगाई को देखते सरकारी, गैर सरकारी क्षेत्रों में कार्यरत कर्मियों को न्यूनतम वेतन 26 हजार दिया जाए लेकिन 10 साल बीत जाने के बाद भी न्यूनतम वेतन लागू नहीं हुआ।




# उड़नदस्ते की टीम ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित सीनियर सेकेंडरी की वार्षिक परीक्षाओं की शुचिता और गरिमा को अक्षुण्ण रखने के लिए बोर्ड प्रशासन एक्शन मोड में है। इसी कड़ी में शुक्रवार को बोर्ड उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर के उडऩदस्ते ने कुरुक्षेत्र जिला के परीक्षा केंद्रों का तूफानी दौरा किया। आज प्रदेशभर में इतिहास और जीव विज्ञान विषयों की परीक्षाएं आयोजित की गईं, जिसके दौरान उपाध्यक्ष के उडऩदस्ते ने स्वयं धरातल पर उतरकर सुरक्षा प्रबंधों की कमान संभाली। उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर ने अपने निरीक्षण अभियान का आगाज कुरुक्षेत्र जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा-3 से किया। यहाँ उन्होंने परीक्षा हॉल में जाकर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली और केंद्र अधीक्षक को स्पष्ट हिदायत दी कि परीक्षा केंद्र के आसपास किसी भी बाहरी हस्तक्षेप को कतई बर्दाश्त न किया जाए। केंद्र पर उन्होंने परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था और प्रश्न-पत्रों की सुरक्षा के मानकों का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि नकल पर पूर्ण अंकुश सघन तलाशी और कड़ी निगरानी के चलते आज इन केंद्रों पर अनुचित साधन का कोई भी मामला दर्ज नहीं किया गया।

# क्लासरूम ऑब्जर्वेशन शिक्षण-प्रक्रिया को प्रभावशाली बनाने का सशक्त माध्यम

- जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र में सामूहिक अधिगम समुदाय का आयोजन


हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



एससीईआरटी हरियाणा, गुरुग्राम के दिशा-निर्देशों के अनुरूप डाइट कुरुक्षेत्र में इफेक्टिव क्लासरूम ऑब्जर्वेशन ट्रेनिंग के अंतर्गत पीएलसी-डब्ल्यू बैठक का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रिंसिपल इंदु कौशिक के नेतृत्व एवं ईटीविंग प्रभारी जसविन्द्र सिंह वरिष्ठ प्राध्यापक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र जिले के सभी एबीआरसी, बीआरपी तथा डाइट कुरुक्षेत्र के समस्त सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ वरिष्ठ प्राध्यापक विद्या धन एवं अनिल कुमार के उद्बोधन से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं कोर्डिनेटर डॉ रघुवीर तगेजा ने सभी प्रतिभागियों को अपने संबोधन में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क्लासरूम ऑब्जरवेशन शिक्षण-प्रक्रिया को प्रभावशाली बनाने का एक सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से कक्षा-कक्ष में सकारात्मक एवं गुणवत्तापूर्ण परिवर्तन देखने को मिलेगा और कहा की सभी प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए सफलतापूर्वक कार्य करना चाहिए।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होगी साइकिलिंग मैराथन

**कुरुक्षेत्र।** जिला नगर आयुक्त अमन कुमार ने कहा कि हरियाणा राज्य महिला आयोग पंचकुला की तरफ से 8 मार्च को सुबह 7 बजे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर साइकिलिंग मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा रेणू भाटिया शिरकत करेंगी। डीएमसी अमन कुमार ने कहा कि 8 मार्च रविवार को साइकिलिंग मैराथन में लगभग 1500 छात्राओं के भाग लेने की संभावना है। इस मैराथन को सफल बनाने के लिए जिला नगर आयुक्त संबंधित विभागों के साथ समन्वय करके आवश्यक प्रबंध करवाना सुनिश्चित करेंगे। इस मैराथन के लिए कार्यक्रम स्थल एवं साइकिलिंग मार्ग का पूर्व निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे।



### केयू न्यूज लेटर विश्वविद्यालय की सूचनाओं के प्रचार-प्रसार का सशक्त माध्यमः डॉ. प्रीतम सिंह

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा संचालित तथा कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा प्रकाशित केयू न्यूज लैटर के बारहवें अंक का विमोचन डॉ. बी. आर. अम्बेडकर अध्ययन केंद्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह तथा जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने संयुक्त रूप से डॉ. बी. आर. अम्बेडकर अध्ययन केंद्र में किया। इस अवसर पर डॉ. प्रीतम सिंह ने कहा कि केयू न्यूज लैटर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, अकादमिक तथा अन्य उपलब्धियों की सूचनाओं के प्रचार-प्रसार का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने केयू न्यूज लेटर के एडिटर-इन-चीफ प्रो. महासिंह पूनिया और पूरी एडिटोरियल टीम को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने विश्वविद्यालय की मासिक गतिविधियों को संकलित कर देश-प्रदेश तक पहुँचाने का सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह प्रशंसनीय है कि विश्वविद्यालय अपने कंटेंट को स्वयं के मीडिया माध्यमों के जरिए जनहित में प्रसारित कर रहा है। प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय समाज और राष्ट्र की उन्नति के लिए निरंतर प्रयासरत है और इसी दिशा में केयू न्यूज लेटर एक महत्वपूर्ण पहल है।

# डीटीपी की टीम ने अवैध कॉलोनी में कच्ची सड़कों, डीपीसी को किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

राजस्व संपदा थानेसर के गांव नरकातारी व गांव मिजार्पुर में लगभग 7 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कालोनियों में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। यह डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने थानेसर के गांव नरकातारी व गांव मिजार्पुर में लगभग 7 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कालोनियों में बनी सडकें, सीवरेज और मेनहॉल और गेट के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। थानेसर के गांव नरकातारी व गांव मिजार्पुर में लगभग 7 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कॉलोनियों के पनपने का मामला सामने आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में आकर प्लाट ना खरीदें और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करे। इतना ही नहीं जमीन की खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता और अवैधता की जानकारी प्राप्त कर लें।

**7 एकड़ में की तोड़फोड़**





### इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड में सतलुज स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**शाहबाद।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. रघबीर सिंह घुम्मन ने जानकारी देते हुए बताया कि मैथ्स ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड 2025 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस परीक्षा में स्कूल के 62 विद्यार्थियों ने भाग लिया था और विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। विद्यालय के चिराग कुमार कक्षा 6 ने गोल्ड मेडल, अतुल कक्षा 10 ने सिल्वर मेडल, जबकि जशप्रीत कक्षा 7, याशिका कक्षा 8, सुखजोत सिंह कक्षा 9 और ज्योति कक्षा 11 ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विजेता विद्यार्थियों को मेडल प्रदान किए गए तथा सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. रघबीर सिंह घुम्मन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, गणितीय सोच और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करता है, जिससे वे अपने ज्ञान और प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने सभी विजेता विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा अध्यापकों को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी और भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की कामना की।

# नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोहा

- लिटिल मिलेनियम में भव्य ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

लिटिल मिलेनियम में ग्रेजुएशन सेरेमनी बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, सेवानिवृत्त आईजी, हरियाणा पुलिस हरीश रंगा तथा अकादमिक मैनेजर रेनु फुलिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों के स्वागत से हुई। इस अवसर पर डीआर से लेकर आरटीएफ-2 तक के नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। आरटीएफ-1 के विद्यार्थियों ने वेलकम सॉन्ग पर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि डीआर के बच्चों ने ड्रीमर्स प्रस्तुति दी। 7-बी के विद्यार्थियों ने छोटे-छोटे तमाशे प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। ईडब्ल्यू की छात्राओं ने वाका-वाका और ईडब्ल्यू के छात्रों ने बूम-बूम गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। आरटीएफ-1 की छात्राओं ने चले जैसे हवाएं पर सुंदर नृत्य किया, वहीं आरटीएफ-2 के विद्यार्थियों ने वी आर द वर्ल्ड और थैंक यू ग्रेजुएशन सॉन्ग पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी। समारोह के दौरान आरटीएफ-2 के विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन ड्रेस पहनाकर मोमेंटो व प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।




**कुरुक्षेत्र।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण।

**कार्यक्रम** पीएमश्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम

विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए

# बच्चों को अच्छी शिक्षा व संस्कार देना सरकार का प्रथम लक्ष्य : कैलाश सैनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देना सरकार का प्रथम लक्ष्य है। इस प्रदेश की भावी पीढ़ी को अच्छा नागरिक बनाने के लिए सरकार योजनाओं को अमलीजामा पहना रही है। इतना ही नहीं राजकीय स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के प्रयास किए जा रहे है। मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी शुक्रवार को देर सायं देवीदास पुरा में राजकीय पीएमश्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी दीप शिखा प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।




**कुरुक्षेत्र।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी।

### बच्चों का उत्साह बढ़ाया

उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाया, बच्चों को पुरस्कार वितरित किए और सरकार की उपलब्धियां के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता ने विद्यालय की उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी से आग्रह करते हुए कहा कि 5 सेक्टर में विद्यालय को खाली करवाया जाए ताकि विद्यालय में बच्चों की अधिक संख्या होने के कारण व कमरों की संख्या कम होने के कारण प्राइमरी विद्यालय को वहां शिफ्ट किया जा सके। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अर्पणा खंडूजा, विद्यालय प्राचार्य सुनीता देवी, हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजपाल कालड़ा, नगर पार्षद राजेंद्र सैनी समाजसेवी डॉ ओमप्रकाश, मंच संचालक डॉ विजेंद्र सोलंकी व नीरज आश्री, देवीदासपुरा एस एम सी प्रधान सपना रानी, संदीप कौर, सुभद्रा रानी,रितु सोनी वर्मा, पूजा सोलंकी, वीना दुआ, शर्मिला, गीता, मोनिका, कविता रानी, सुमन रानी, मनोज कुमार और विद्यालय के सभी अध्यापक व गांव वासी उपस्थित रहे।

# दिशा की मीटिंग से कई अधिकारी गायब, सांसद ने दिए सभी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश

## सांसद बोले, हर अधिकारी को गंभीरता से करना होगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) का आयोजन अंबाला शहर के पंचायत भवन में किया गया। इसमें लोकसभा सांसद वरुण चौधरी ने अध्यक्ष के तौर पर शिरकत की। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने पिछली बैठक में रखे गए एजेंडे की भी समीक्षा की। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त विराट, जिला परिषद के चेयरमैन मक्खन सिंह लबाना, नगर परिषद की अध्यक्ष स्वर्ण कौर, एएमसी दीपक सूरा, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, एसडीएम विनेश कुमार मौजूद रहे।

सरकार की योजनाओं का हर नागरिक को मिलना चाहिए लाभ, अधिकारियों को दिए जरुरी निर्देश



अंबाला। दिशा की मीटिंग में मौजूद सांसद वरूण चौधरी व प्रशासनिक अधिकारी।

### वेबसाइट पर सभी योजनाएं अंकित होनी चाहिए

लोकसभा सांसद ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम, राष्ट्रीय कैरियर सेवा, ई-श्रम पोर्टल, राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन, खेलो इंडिया, भारत नेट, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, डिजीटल इंडिया, प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक़ योजना, अमरूत योजना, जल जीवन मिशन, पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान-पीएम कुसुम, पीएम स्वनिधि, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, पोषण अभियान, समेकित बाल विकास योजना समेत दूसरी सभी योजनाओं पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सांसद वरुण चौधरी ने बैठक के दौरान डिजिटल इंडिया-अटल सेवा केंद्र को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला प्रशासन की वेबसाइट पर सभी योजनाएं अंकित होनी चाहिए ताकि आमजन को उनकी जानकारी मिल सके।

### सांसद के निर्देश

सांसद ने अटल सेवा केंद्र के तहत कहा कि जो भी सीएचसी बिना लाइसेंस के सीएचसी बोर्ड चस्पा कर रहे हैं या किसी का लाइसेंस रद्द हो चुका है वह ऐसा कार्य न करें। यदि इसके बावजूद कोई ऐसा कार्य करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं के लिए तय राशि से ज्यादा वसूली करने वालों सीएचसी सेंटर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने अंबाला शहर व अंबाला छावनी के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सफाई व्यवस्था के कार्य के तहत भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि स्वच्छता रैंकिग में अच्छा स्थान हासिल किया जा सके।

### ये होंगे कार्य

समग्र शिक्षा के तहत उन्होंने शिक्षा विभाग द्वारा उन्हें बताया गया है कि जिले में 85 क्लास रूम व 20 शौचालयो की मरम्मत का कार्य किया जाना है। उन्होंने इस कार्य को बेहतर समन्वय के साथ करने के आदेश दिए। इसके साथ-साथ उन्होंने सरकारी प्रेमनगर स्कूल में एक अन्य शौचालय बनाने की व्यवस्था बारे भी निर्देश दिए। उन्होंने खेलों इंडिया विषय के तहत मिनी स्टेडियमों की व्यवस्थाओं के साथ-साथ अन्य जानकारी हासिल की।

## खबर संक्षेप

### 'टटीरी' गीत को बैन करने की मांग

**बराड़ा।** गायक बादशाह के हाल ही में जारी रैपर गीत 'टटीरी' को लेकर हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) ने कड़ा ऐतराज जताया है। एसोसिएशन ने इस गीत को तुरंत प्रभाव से प्रतिबंधित करने की मांग की है। संगठन ने आरोप लगाया कि इस गीत में हरियाणा के ग्रामीण परिवेश और स्कूली छात्राओं को बेहद आपत्तिजनक ढंग से पेश किया गया है, जो सामाजिक मर्यादाओं के खिलाफ है। हसला का कहना है कि गीत में स्कूली छात्राओं को अपने बैग छत पर फेंकते हुए दिखाया गया है।

### हेरोइन तस्करी में तीन आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** एंटी नारकोटिक्स सैल की टीम ने हेरोइन तस्करी में तीन आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 26 ग्राम 1 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की गई है। निरीक्षक ऋषिपाल के नेतृत्व में जांच टीम ने बब्याल श्मशान घाट के पास से आरोपी राहुल को काबू किया। इस मामले की जांच के दौरान संलिप्तता पाए जाने पर एक अन्य आरोपी आशीष को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह रामबाग रोड से आरोपी मिकील कुमार को हेरोइन के साथ रंगे हाथों पकड़ा। अब आरोपियों से पूछताछ हो रही है।

### देसी पिस्तौल समेत किया गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए नारायणगढ़ को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। सीआईए टीम ने सूचना के आधार पर हुसैनी मोड़ से आरोपी को अवैध हथियार सहित काबू किया है।जांच टीम को सूचना मिली थी कि आरोपी मंदीप कुमार किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में घूम रहा है। तभी जांच टीम ने रेड कर उसे काबू किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से देशी पिस्तौल व जिंदा कारतूस जब्त किए गए।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी सुखविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। एवीटी सैल इंचार्ज ने बताया कि इस मामले में शिकायतकर्ता राजेश कुमार ने 27 फरवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 12 जनवरी 2026 को गुरू रविदास बस्ती में स्थित उसके घर के सामने से आरोपी ने मोटरसाइकिल चोरी की है।

### सीआरएसयू जींद को अंतरराष्ट्रीय पहचान

**जींद।** हरियाणा के लिए गर्व का विषय है कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद को यूरोप की प्रतिष्ठित विज्ञान एवं शोध फंडिंग संस्था एफसीटी पुर्तगाल के साथ एक कोलाबरेटिव इंस्टीट्यूट के रूप में पंजीकृत किया गया है। इस उपलब्धि के साथ अब सीआरएसयू के शिक्षक और शोधकर्ता यूरोप के विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के साथ मिल कर अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजनाओं तथा फंडिंग कार्यक्रमों में भाग ले सकेंगे।

### सीसीएल लेना कठिन, दफ्तर के काटने होंगे चक्कर

**कैथल।** शिक्षा विभाग फिल्ड स्कूल, आफिस में काम करने वाली महिला कर्मियों को अब चाईल्ड केयर लीव (सीसीएल) लेना और भी कठिन हो गया है। महिला कर्मियों को सीसीएल के लिए स्कूल,बीईओ, डीईओ, डीइओ, डायरेक्टर दफ्तर के चक्कर काटने पड़ते थे अब डीसी दफ्तर में भी जाकर गुहार लगानी पड़ेगी तथा सिफारिश करवानी पड़ेगी।

## टीम चित्रा ने सदन में कई सवालों पर जताई आपत्ति, मीटिंग का किया बायकाट

# नप की मीटिंग में हंगामा, चार सदस्यों ने अफसरों की कार्यशैली पर उठाए सवाल

**जुलाई 2025 की बैठक के मिनट्स की प्रमाणित प्रति देने की मांग**

*नीलम कश्यप ने एजेंडा निर्माण की प्रक्रिया पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि सभी सदस्यों से उनके-अपने वार्डों के विकास संबंधी प्रस्ताव लिखित रूप में लिए गए थे, किंतु एजेंडा सूची में उनके किसी भी प्रस्ताव को सम्मिलित नहीं किया*

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी नगर परिषद की बैठक में टीम चित्रा के नप सदस्यों ने अफसरों की कार्यशैली पर बेहद गंभीर सवाल उठाए। सदस्य राहुल सोनकर (वीरू),संदीप शर्मा (दिप्पी पंडित),नीलम कश्यप एवं रणजीत कुमार(सोनू गुज्जर) ने ने स्पष्ट किया कि यह मात्र राजनीतिक विरोध नहीं बल्कि नगर परिषद के अधिकारियों और सत्ताधारियों द्वारा संविधान की अनुपालना न किए जाने पर सवाल है।

सदस्य नीलम कश्यप ने एजेंडा निर्माण की प्रक्रिया पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि सभी सदस्यों से उनके-अपने वार्डों के विकास संबंधी प्रस्ताव लिखित रूप में लिए गए थे, किंतु एजेंडा सूची में उनके किसी भी प्रस्ताव को सम्मिलित नहीं किया गया। उन्होंने प्रश्न उठाया कि क्या एजेंडा तय करने की कोई निर्धारित समय सीमा थी? क्या प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में जमा किए गए थे? यदि हां, तो उन्हें एजेंडा में शामिल न करने का कारण क्या है? उनका कहना है कि टीम चित्रा के चयनित सदस्यों के प्रस्तावों की अनदेखी प्रशासनिक पक्षपात को दर्शाती है।

सदस्य रणजीत कुमार ने एजेंडा से मुद्दों को बाहर रखने तथा अधिकारियों पर कथित दबाव को लेकर गंभीर शंका व्यक्त करते हुए कहा कि यदि आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले पार्षदों के मुद्दे एजेंडा में स्थान नहीं पाते, तो ऐसी बैठक की वैधता और औचित्य पर स्वतः प्रश्नचिह्न लग जाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी बैठक को वैध तभी माना जा सकता है जब विधिवत नोटिस जारी किया गया हो, कोरम पूरा हो, कार्रवाई सही ढंग से दर्ज की जाए और उसे विधिवत अनुमोदित किया जाए, अन्यथा ऐसी बैठक को विधिक रूप से चुनौती दी जा सकती है।



अंबाला। मीटिंग का बायकाट करने वाले सदस्य।

### ये उठाए सवाल

- क्या एजेंडा तय करने की कोई निर्धारित समय सीमा थी?
- क्या प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में जमा किए गए थे?
- यदि हां, तो उन्हें एजेंडा में शामिल न करने का कारण क्या है?

### नगर परिषद बैठक की पारदर्शिता पर सवाल

सदस्यों ने यह भी कहा कि जब संसद और विधानसभा में कार्यवाही अधिकृत रूप से दर्ज होती है और किसी कथन को हटाने की स्थिति में उसका स्पष्ट उल्लेख किया जाता है, तो क्या नगर परिषद में भी वही सिद्धांत लागू किए जा रहे हैं। सदस्य राहुल सोनकर (वीरू) का कहना है कि नगर परिषद की प्रत्येक बैठक की कार्रवाई लिखने के लिए अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी का नाम हाउस के समक्ष घोषित किया जाना अनिवार्य है। कार्रवाई रजिस्टर एक सार्वजनिक दस्तावेज होता है। उसी की पारदर्शिता पर पूरी बैठक की वैधता निर्भर करती है। उन्होंने यह मांग भी रखी कि जुलाई 2025 में आयोजित पहली बैठक की कार्रवाई किस अधिकारी या कर्मचारी द्वारा लिखी गई थी उसका नाम सार्वजनिक रूप से बताया जाए तथा उसकी प्रमाणित प्रति सभी सदस्यों को उपलब्ध कराई जाए,ताकि विधिसम्मत पुष्टि की जा सके। सदस्य संदीप शर्मा ने विशेष रूप से यह प्रश्न उठाया कि जुलाई के बाद लंबे समय तक बैठक न बुलाना क्या हरियाणा नगरपालिका अधिनियम प्रावधान का उल्लंघन है? जिसमें नियमित अंतराल पर बैठक आयोजित करना अनिवार्य किया गया है। नगर परिषद कि बैठक लम्बे अंतराल लगभग आठ महीने बाद बुलाई गई हैं। जबकि एक महीने में एक बैठक होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यदि अध्यक्ष अथवा प्रधान समय पर बैठक नहीं बुलाते, तो सदस्यों को विशेष बैठक बुलाने का अधिकार प्राप्त है। ऐसे में यह स्पष्ट किया जाए कि निर्धारित अवधि में बैठक क्यों नहीं बुलाई गई? उन्होंने यह भी कहा कि बैठक में उनके द्वारा व्यक्त किए गए विचारों और आपत्तियों को शाब्दिक रूप से मिनट्स में दर्ज किया जाना चाहिए। सदस्यों ने स्पष्ट किया कि यदि मिनट्स की प्रमाणित प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई, एजेंडा पारदर्शी प्रक्रिया से तय नहीं हुआ। नियमित बैठक की बाध्यता का पालन नहीं किया गया अथवा सदस्यों की असहमति दर्ज नहीं की गई, तो यह अधिनियम और लोकतांत्रिक मूल्यों की अवहेलना होगी।



## मुकुल ने किया यूपीएससी का एग्जाम क्रैक, ऑल इंडिया में मिली 242वीं रैंक

- बेटे की कामयाबी पर परिवार में जश्न का माहौल
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस पिलानी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में की स्नातक की पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी के रहने वाले मुकुल जिंदल की यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया में 243 रैंक हासिल हुई है। उनकी इस कामयाबी के बाद पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। रिजल्ट आते ही रिश्तेदारों के साथ आसपास रहने वाले लोग भी उनके परिवार को बधाई देने के लिए जुट गए। 25 मार्च 1999 को जन्मे मुकुल जिंदल ने अपनी स्कूली शिक्षा के बाद बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस पिलानी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की पढ़ाई पूरी की।

### देश की सेवा उद्देश्य

मुकुल जिंदल इससे पहले भी यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा में तीन बार शामिल हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि पिछली बार उन्होंने यूपीएससी प्रीलिम्स और मेंस दोनों सफलतापूर्वक पास किए थे लेकिन अंतिम चयन सिर्फ 4 अंकों से रह गया था। इस बार मिली सफलता से उत्साहित हैं। जिंदल का कहना है कि उन्होंने देश की सेवा के उद्देश्य से सिविल सेवा को चुना। इस सफलता में उनके परिवार का पूरा सहयोग रहा। साथ ही उन लोगों का मार्गदर्शन भी उनके लिए महत्वपूर्ण रहा, जो सिविल सेवा में पहले से चयनित हैं, तैयारी कर रहे हैं या सेवा में कार्यरत हैं। मुकुल जिंदल का परिवार भी सामाजिक और शैक्षणिक पृष्ठभूमि से जुड़ा रहा है। उनके परदादा स्वर्गीय बनारसी दास जिंदल स्वतंत्रता सेनानी थे। उनके दादा सुरेश जिंदल ने पब्लिकेशन का कार्य शुरू किया जिसे उनके पिता सुमित जिंदल आगे बढ़ा रहे हैं। उनकी दादी वीणा जिंदल और माता गीतांजलि जिंदल ने परिवार और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया। वर्तमान में उनकी माता एस्ट्रोलॉजी, हस्तरेखा, टैरो कार्ड रीडिंग और वास्तु से संबंधित कार्य भी करती हैं।

### रिहायशी भवन में चोरी, गहने व नकदी ले गए चोर

**नारायणगढ़।** गांव कुल्लड़पुर में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने एक घर से लगभग 8 तोले सोने के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। परिवार के सदस्यों ने सुबह उठने पर घर का सामान बिखरा हुआ पाया, जिसके बाद चोरी का खुलासा हुआ। यह घटना 4 मार्च की रात को हुई जब घर के सभी सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे। कुल्लड़पुर की बिमल कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोरों ने आधी रात को उनके घर में घुसकर अलमारी के ताले तोड़ दिए। सुबह करीब 4 बजे जब बिमल कौर उठीं तो उन्होंने देखा कि घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और अलमारियां खुली हुई थीं। कौर के अनुसार, चोरों ने घर से 2 तोले सोने की चेन, 1 तोले के सोने के झुमके और 5 तोले सोने के कंगन सहित कुल 8 तोले सोने के जेवरात चुरा लिए। इसके अलावा, चोर 5,200 रुपये की नकदी भी लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और बिमल कौर की शिकायत के आधार पर चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## पूर्व रेसलर द ग्रेट खली सहित कई विधायकों ने विज का हालचाल जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। ग्रेट खली मंत्री अनिल विज से मुलाकात करते हुए।

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज से शुक्रवार को उनके आवास पर करनाल से पूर्व सांसद एवं राज्यसभा चुनाव के लिए हरियाणा से भाजपा प्रत्याशी श्री संजय भाटिया ने उनका हालचाल जानते हुए उनके जल्द स्वास्थ्य लाभ के लिए मंगल कामना की।

विज के आवास पर विधायकों, पूर्व विधायकों सहित अन्य राजनेताओं, कार्यकर्ताओं व उनके प्रशंसकों ने हालचाल जानते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए कामना की। ऊर्जा मंत्री अनिल विज से पूर्व रेसलर द ग्रेट खली मुलाकात करते हुए उनका हालचाल जाना। इस दौरान खली ने जल्द स्वस्थ होकर वापस जनसेवा में लौटने की कामना की। उन्होंने कहा कि मंत्री अनिल विज हमेशा जनता के बीच रहते हैं। मंत्री से पूंडरी से पूर्व विधायक रणधीर सिंह गोलन, बंतो कटारिया, पूर्व मंत्री कर्णदेव कांबोज, पूर्व गृह मंत्री सुभाष बत्रा, गोहाना से पंजाबी महासभा के अध्यक्ष इंद्रजीत विरमानी, गोहाना भाजपा अध्यक्ष बजिंदर सिंह, कालका से पूर्व विधायक लतिका शर्मा, ईएसआई एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ. देशराज, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक मनीराम शर्मा ने भी उनका हालचाल जाना।

## रक्तदान शिविर में उमड़ा युवाओं-महिलाओं का उत्साह

- 92 युवाओं ने किया रक्तदान, बलजिंद्र ने 44वीं किया रक्तदान
- जिला युवा शक्ति संगठन की ओर से रक्तदान व चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर



शहजादपुर। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाती राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा व अन्य।

जिला युवा शक्ति संगठन द्वारा संगठन के कार्यालय में रक्तदान एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा तथा विशेष अतिथि समाजसेवी एवं सरपंच आजमपुर नवजोत सैनी ने किया। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा ने कहा कि रक्तदान एक महादान है जिससे जरूरतमंद व्यक्ति को जीवनदान मिलता है। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि कस्बे व आसपास के क्षेत्रों के लोगों खासकर युवाओं के साथ-साथ महिलाओं ने भी रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर में बढ़-चढक़र भाग लिया। उन्होंने सभी स्वस्थ लोगों से समय-समय पर रक्तदान करने का अनुरोध किया। शर्मा ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया। सरपंच नवजोत सैनी ने स्वयं भी रक्तदान किया और युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि चिकित्सकों के अनुसार रक्तदान करने से दिल की बीमारियों और स्ट्रोक का खतरा भी कम होता है। शिविर में कई युवाओं ने अपनी पत्नियों के साथ रक्तदान कर समाज के प्रति प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर का आयोजन एम केयर अस्पताल जिरकपुर के सहयोग से किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा मंडल प्रधान जगदीप कौर, नपा सदस्य सुरजीत सिंह, राजू मक्कड़ व संजीव कौशिक, भूपिंदर सिंह कपूर, यशपाल सिंह धुराला, राम शरण, सुंदर लाल झिडीवाला, रानी देवी, सुनीता देवी, शीला देवी, सुमित शर्मा, अरुण कुमार, किरण बाला, इंद्रजीत सिंह, पंकज शर्मा, राजेंद्र सिंह रावत, मीनाक्षी सैनी, प्रियानशु सिंह, खुशाल सिंह, कोमल रानी, योगेश शर्मा, डॉक्टर राकेश धीमान भुरेवाला, परवीन सहित ने भी शिविर में अहम योगदान दिया।

इस दौरान 92 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। संगठन के अध्यक्ष बलजिंद्र सिंह ने कनावां ने 44 वीं बार तथा महासचिव सोहन लाल शर्मा झिडीवाला ने 26 वीं बार रक्तदान किया।

## जैन स्थानक में जैन मुनियों का आगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर



आत्मज्ञानी, ध्यानयोगी, युगप्रधान आचार्य सम्राट डॉ. श्री शिव मुनि तथा उपाध्याय प्रवर, संघ-सेतु गुरुदेव श्री रविंद्र मुनि के आज्ञानुवर्ती गुरु राम प्रेम सुख संत परिवार के मधुर वक्ता सेवा श्रमण रचित मुनि म.सा., मधुर कंठी तेजस मुनि आदि ठाणा एवं साध्वी मधुर गायिका पूर्णा महाराज का मंगलमय विराजमान अग्रवाल धर्मशाला में हुआ है।

इन पावन संतों का शुभ आगमन महावीर जैन प्राइमरी स्कूल, जैन स्थानक में हुआ जिससे समूचे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बन गया है। उनके सानिध्य में प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 9 बजे तक आध्यात्मिक सत्संग एवं प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें धर्म, साधना, आत्मजागरण और जीवन मूल्यों पर प्रेरणादायी प्रवचन सुनने का अवसर मिल रहा है। इस श्रृंखला के अंतर्गत 8 मार्च (रविवार) को प्रातः 9 बजे पंचमेष्ठी भगवान के नमस्कार महामंत्र जाप तथा विशेष प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में एडवोकेट दीप्ति बैंगानी ने बताया कि महाराज के सानिध्य में सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालु अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर दर्शन, सेवा और प्रवचन का लाभ लें। उन्होंने कहा कि साधु-संतों का आगमन अपने आप में अत्यंत सौभाग्य की बात होती है। यहां की पावन धरा पर जैन मुनियों का आगमन बहुत कम होता है, लेकिन संतों की कृपा से इस बार नगरवासियों को उनके प्रावास का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ है जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और सौभाग्य का विषय है।

## विकासः ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन की भी होगी स्थापना

# शाहपुर में स्थापित होगा 'ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान'

- युवाओं के लिए रोजगार के अवसर होंगे सृजित
- दोनों की स्थापना पर लगभग 11.65 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला छावनी को नई सौगात मिलने जा रही है। यहां गांव शाहपुर में राज्य सरकार कीओर से 'ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान स्थापित करने जा रही है। इसके अलावा, 'ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन' भी इसी गांव में स्थापित किया जाएगा। मंत्री अनिल विज बताया कि 'ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान और ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन' को स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उन्होंने बताया कि शाहपुर की 13 एकड 5 कनाल और 4 मरला भूमि पर ''ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान और ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन'' को स्थापित किया जाएगा। दोनों की स्थापना पर लगभग 11.65 करोड रुपए की राशि खर्च की जाएगी।

### परिवहन सेवाएं होंगी और आधुनिक

परिवहन मंत्री ने बताया कि ''ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान और ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन'' की स्थापना से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सैकडों लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि इस संस्थान के माध्यम से आसपास के जिलों के हजारों प्रशिक्षित युवाओं को ओर अधिक हुनरमंद बनाने अर्थात अधिक कौशलयुक्त तैयार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन की स्थापना से प्रति सप्ताह लगभग 300 वाहनों की फिटनेस की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि प्रदेश में परिवहन सुविधाओं को ओर अधिक सुचारू व सुगम बनाया जाए। इसके लिए उनके द्वारा नित नए दिन तकनीकी रूप से आधुनिक तरीके से सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों परिवहन मंत्री ने राज्य परिवहन की बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए बस ट्रैकिंग सिस्टम और बस अडडों पर बसों के आवागमन की स्थिति की जानकारी डिजिटल रूप में दर्शाने के लिए डिजिटल बोर्ड लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हुए हैं। इस पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है।